## जाम में सैकड़ों वाहन फंसे...



राजधानी में रविवार शाम बारिश के कारण कई स्थानों पर जाम लग गया, बोर्ड आफिस चौराहे से मंत्रालय और गायत्री मंदिर मार्ग पर चार पहिया वाहन चालकों को जाम के कारण काफी परेशानी हुई।

# खानूगांव में आज सेना का बाढ़ राहत अभ्यास 'एक्स बाढ़ व्यवस्था'

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय सेना द्वारा सोमवार, 6 जुलाई को मध्य प्रदेश की राजधानी के बड़े तालाब स्थित खानूगांव के सेलिंग नोड पर वार्षिक व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रदर्शन अभ्यास 'एक्स बाढ़ व्यवस्था' का आयोजन किया जा रहा है।

इस वार्षिक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बाढ़ राहत अभियानों के संचालन को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित करना और मानसूनी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ बनाना है। यह आयोजन भारतीय सेना के 3 ईएमई सेंटर की 4 टेक ट्रेनिंग बटालियन के तत्वावधान में संपन्न होगा। इस सैन्य अभ्यास में सेना की विभिन्न इकाइयों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन से जुड़ी नागरिक एजेंसियां



भी सहभागिता करेंगी। अभ्यास के दौरान नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीईआरएफ), डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (डीएमआई), स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एसडीएमए), होम गार्ड्स और राज्य प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर संयुक्त राहत व बचाव रणनीतियों का प्रदर्शन करेंगे। इस समन्वित अभ्यास से संकट के समय विभिन्न विभागों के बीच आपसी सामंजस्य को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## तीजन बाई के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल और देवड़ा ने जताया शोक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई का निधन लोककला और सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अपनी विलक्षण प्रतिभा, कठिन साधना और समर्पण से उन्होंने पंडवानी गायन को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय लोक-संस्कृति और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, सशक्त स्वर और पंडवानी गायन की अनूठी शैली से भारतीय लोककला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। उनका जीवन भारतीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित रहा। उप मुख्यमंत्री ने इसे कला एवं संस्कृति जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## डॉ. मुखर्जी की जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सुबह 9 बजे लालघाटी स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेशभर में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा।

### 24 जिलों के लिए ड्रॉट एक्शन प्लान तैयार, किसानों को वैकल्पिक फसल और जल संरक्षण पर दिया जाएगा जोर

# प्रदेश में मानसून की सुस्ती से बढ़ी चिंता

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में मानसून की धीमी रफ्तार और बारिश के असमान वितरण ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से कम वर्षा के पूर्वानुमान तथा अल नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए सरकार ने 24 जिलों को संभावित सूखा प्रभावित मानते हुए विशेष ड्रॉट एक्शन प्लान लागू करने की तैयारी कर ली है। कृषि, राजस्व, जल संसाधन और पंचायत विभागों को संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव की रणनीति पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का उद्देश्य संभावित सूखे की स्थिति बनने से पहले ही किसानों को आवश्यक सहायता और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराना है।



मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष प्रदेश में सामान्य वर्षा का केवल 90 से 94 प्रतिशत तक ही बारिश होने का अनुमान है। एक जून से एक जुलाई के बीच जहां सामान्य वर्षा 139.7 मिमी होनी चाहिए थी, वहां केवल 92.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। कई जिलों में वर्षा की कमी 20 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यदि जुलाई और अगस्त में भी पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो खरीफ फसलों के उत्पादन पर व्यापक असर पड़ सकता है। स्थिति को देखते हुए सरकार ने कृषि विभाग को किसानों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए हैं। किसानों को कम अवधि में तैयार होने वाली तथा कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने की सलाह दी जाएगी। दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वैकल्पिक फसल चयन कराया जाएगा। रिज एंड फरो, रेज्ड बेड और डायरेक्ट सीडेड राइस जैसी आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे सीमित जल उपलब्धता में भी उत्पादन प्रभावित न हो।

सरकार ने 24 जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की है, जबकि सात जिलों में विस्तृत माइक्रो प्लानिंग की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से लगातार तकनीकी निगरानी होगी और किसानों तक मोबाइल संदेश, सोशल मीडिया तथा स्थानीय माध्यमों से मौसम आधारित सलाह पहुंचाई जाएगी। जिला स्तर पर अधिकारियों को प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी आकलन में उज्जैन संभाग को सबसे अधिक संवेदनशील माना गया है, जहां सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। यहां वैकल्पिक फसल योजना, कम अवधि वाली किस्मों के बीज वितरण, सूक्ष्म सिंचाई, जल संरक्षण और सिंचाई प्रबंधन पर विशेष फोकस रहेगा। मनरेगा के माध्यम से खेत तालाब, जल संरचनाओं के निर्माण और मरम्मत के कार्य भी तेज किए जाएंगे ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके।

प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत कृषि मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। ऐसे में यदि जुलाई के दूसरे पखवाड़े तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो खरीफ की बुआई प्रभावित होने के साथ उत्पादन में गिरावट, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव, पशुओं के लिए चारे का संकट तथा पेयजल और सिंचाई की समस्या बढ़ सकती है। इसी संभावना को देखते हुए सरकार ने राहत कार्यों के बजाय पहले से तैयारी की रणनीति अपनाई है। राजस्व विभाग ने वर्ष 2020 की सूखा नीति के तहत आवश्यक कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। राहत कार्यों के लिए 20.9 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त राशि भी जारी की जाएगी। सभी जिलों से क्राइसिस मैनेजमेंट प्लान मंगाए जा चुके हैं और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। अब प्रदेश की नजर जुलाई और अगस्त की बारिश पर टिकी है, जो इस वर्ष की कृषि स्थिति तय करेगी।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सपत्नीक किया महेश्वर का भ्रमण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर आए भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को सपत्नीक ऐतिहासिक नगर महेश्वर पहुंचकर यहां प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इसके बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने महेश्वर में मां नर्मदा के दर्शन कर मध्य प्रवाह में स्थित बाणेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने देवी अहिल्याबाई किला, अहिल्याबाई की गादी संग्रहालय तथा नर्मदा तट का भ्रमण किया।



मुख्य निर्वाचन ने महेश्वर स्थित रेवा सोसाइटी का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने महेश्वरी साड़ियों के निर्माण की पारंपरिक प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बुनकरों की हस्तकला एवं उत्कृष्ट कारीगरी की सराहना की। इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरपीएस जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरभि तिवारी सहित खरगोन की उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम पूर्वा मंडलोई उपस्थित रहे। भ्रमण के उपरांत मुख्य निर्वाचन ने कहा कि महेश्वर में मां नर्मदा और भगवान बाणेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा लोकमाता को श्रद्धासुमन अर्पित करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने महेश्वर की ऐतिहासिक धरोहरों, अहिल्या किले की उत्कृष्ट नक्काशी तथा महेश्वरी साड़ियों के निर्माण में बुनकरों के कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और हस्तशिल्प की यह परंपरा देश की अमूल्य धरोहर है तथा इन कारीगरों पर पूरे देश को गर्व है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के महेश्वर पहुंचने पर खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## डॉ. अंबेडकर और बिरसा मुंडा के चित्रों के अपमान पर कार्रवाई की मांग

**भोपाल।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति युवा संघ ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और बिरसा मुंडा के चित्रों के कथित अपमान के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को टीटी नगर थाने में ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि हाल ही में अजाक्स भवन, भोपाल में एक व्यक्ति द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों को चाकू से फाड़कर उनका अपमान किया गया, जिससे समाज में व्यापक नाराजगी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे ने कहा कि इस घटना से अनुसूचित जाति और जनजाति समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। आरोपी के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सेवा भारती के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 336 लोगों का परीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती भोपाल महानगर के स्वास्थ्य आयाम एवं माधव मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शाहपुरा स्थित बाबा नगर सेवा बस्ती के संस्कार केंद्र में निशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी तथागत पौद्दार, महानगर अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिवमंगल सिंह, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य हरभजन शिवहरे, स्वास्थ्य आयाम प्रभारी राजेश रमतानी, माधव मंडल की अध्यक्षा मंजूलता शर्मा तथा सचिव प्रवीण सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि शिविर में सेवा सदन के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 209 लोगों की नेत्र जांच की। इनमें 29 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें निशुल्क ऑपरेशन के लिए सेवा सदन अस्पताल भेजा गया। वहीं 86 जरूरतमंदों को मौके पर ही निशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा 23 लोगों के लिए दूर के चश्मे तैयार कर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इसके अलावा 127 लोगों का दंत परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। शिविर में स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. दिनेश शर्मा, सह प्रमुख डॉ. राम अवतार यादव, कोषाध्यक्ष दीनबंधु सोलंकी सहित अनेक चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने अपनी सेवाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने में माधव मंडल की शिक्षिकाओं एवं सेवा भारती के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## सिंधी मेला समिति की व्यंजन प्रतियोगिता 10 से 19 जुलाई तक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधी व्यंजन की समृद्ध परंपरा और सभ्यता के खान-पान की विरासत को फास्ट फूड के इस दौर में संजोकर रखने के उद्देश्य से सिंधी मेला समिति द्वारा इस वर्ष भी %सिंधी कुकिंग कॉम्पीटिशन% का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी और महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से लगातार आयोजित होने वाली यह अनूठी प्रतिस्पर्धा इस वर्ष सफलतापूर्वक अपने 18वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस बार इस आयोजन का दायरा बढ़ाते हुए भोपाल सहित अन्य संभागों के कुल 26 सेंटरों को इसमें शामिल किया गया है, जिसमें हजारों की संख्या में सिंधी समाज की महिलाएं और युवतियां प्रमुखता से हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का आगाज़ शुक्रवार, 10 जुलाई से 12 जुलाई (रविवार) तक राजधानी भोपाल के 17 से अधिक सेंटरों पर एक साथ होगा। इसके बाद अन्य संभागों और शहरों में इसका आयोजन किया जाएगा। निम्नानुसार 15 जुलाई को मंडीदीप, 16 जुलाई को नर्मदापुरम, 17 जुलाई को हरदा 18 जुलाई को गंजबासोदा, इटारसी, विदिशा और अब्दुल्लागंज, 19 जुलाई आष्टा और सुल्तानपुर में प्रतियोगिता होगी।

## 500 पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ रोटरी क्लब ईस्ट का पौधारोपण अभियान शुरू




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने अपने नए सत्र के तहत रविवार को गौरी ग्रीन पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की। क्लब के अध्यक्ष प्रखर तिवारी ने बताया कि इस सत्र में शहर के विभिन्न स्थानों पर 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की शुरुआत 1 जुलाई को टीआईटी परिसर में पौधारोपण से हो चुकी है और अब प्रत्येक रविवार को यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम के लिए सभी पौधों की व्यवस्था रोटेरियन पलाश सुरजन द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य अपने परिवारों सहित शामिल हुए। रोटरैक्ट क्लब टीआईटी के पदाधिकारियों ने भी पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी कर अभियान को सफल बनाया।

## लालघाटी में कांग्रेस सेवादल ने निकाली प्रभात फेरी, किया ध्वज वंदन

***हिरदाराम नगर।*** *जिला कांग्रेस सेवादल, भोपाल द्वारा रविवार सुबह गुफा मंदिर के मुख्य द्वार से लालघाटी चौराहा स्थित माता मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में कांग्रेस सेवादल, विभिन्न मोर्चा संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन विधि-विधान से ध्वज वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि कांग्रेस सेवादल संगठन की असली रीढ़ है। सभी कार्यकर्ताओं को सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ समाज के बीच निरंतर सक्रिय रहना चाहिए। भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा ऐसे आयोजन संगठन की एकजुटता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ देश के संविधान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करते हैं। सेवादल के कार्यक्रम संयोजक एवं भोपाल जिला प्रवक्ता आनंद सबधाणी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रदेश सचिव दिनेश मेंघानी, भोपाल शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष निहाल भाई, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा, गांधी नगर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन, उप ब्लॉक अध्यक्ष सोनू तोमर आदि शामिल हुए।*

**Government of Madhya Pradesh**
**Office of Commissioner Cooperation And Registrar Cooperative Societies Ground Floor, Vindhyachal Bhavan Bhopal -462004, Madhya Pradesh**

**Tender Notice No. - RCS/09/0026-2**
**Date 03-07-2026**

**Second Call**

The Office of Commissioner, Cooperation and Registrar Cooperative Societies, Madhya Pradesh invites bid for purchase of IT Consumables (Cartridge, Drum) of the quantity and delivery schedule as mentioned in the tender document. Selection Shall Be Based on Lowest Financial Proposal.Interested Bidders are requested to visit at https://mptenders.gov.in for the Bid information from 06-07-2026 onwards. Last date of Bid submission will be 14 days from bid publication.

**Commissioner Cooperation and Registrar Cooperative Societies Department of Cooperation** G15308/26

**आम सूचना**

**ग्राम भानपुर तहसील हुजूर जिला भोपाल के खसरा क्रमांक 246/169/2/2 के संबंध मे प्रकाशित जाहिर सूचना का खण्डन**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि श्री सतीश शर्मा अधिवक्ता द्वारा अपने अनामित पक्षकार की ओर से दैनिक भास्कर के दिनांक 30/06/2026 के अंक के पृष्ठ क्रमांक 10 पर उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जाहिर सूचना का प्रकाशन करते हुए उक्त भूमि को श्रीमति मोतन बाई स्व. पत्नि श्री कन्हैयालाल, श्री तुलाराम पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल, श्रीमति पार्वती माली पत्नि श्री दुलीचन्द, राधा बाई पत्नि श्री राधेश्याम, श्रीमति सीता बाई पत्नि श्री किशनलाल, श्री जमना प्रसाद एवं श्री तुलसीराम पुत्रगण स्व. श्री मुन्नालाल, श्रीमति गुलाब बाई पत्नि स्व. श्री मदनलाल, श्री रवि माली एवं श्री आशु माली पुत्र स्व. श्री मदनलाल, पूनम माली, चान्दनी माली एवं भगवती माली पुत्री स्व. श्री मदनलाल समस्त निवासी लीलाधर कालोनी, विदिशा रोड, भानपुर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, से क्रय किये जाने का करार किया जाकर बयाना राशि अदा की गई है, इस संबंध में सर्वसाधारण को अवगत कराया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमति माया लोधी, विशाल लोधी, रोशनी लोधी एवं विकास लोधी द्वारा विक्रेतागण के विरूद्व माध्यस्थम एवं सुलह अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत प्रकरण क्रमांक MJC AV 89/2025 प्रस्तुत किया गया है जो कि वर्तमान में माननीय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक भोपाल के न्यायालय में विचाराधीन है। अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि उपरोक्त वर्णित व्यक्तियो के सथ किसी प्रकार का हक सव्यंवहार न करे, यदि किया जाता है तो वह मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगा।

**वी.एच.वासवानी** भवदीय अधिवक्त
शिव शॅकर सॉ मिल के पास, मैन रोड़ बैरागढ़, भोपाल (म.प्र.)
मोबाईलः 9826065383